संख्या- 49 / 2017/ 467 / चार-2017- 38(बजट)/2015

प्रेषक,

लुटावन राम
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,
लखनऊ।

संस्क़ति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 31 मार्च ,2017

विषय:-जनपद कन्नौज बाल संग्रहालय की स्थापना हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीक़ति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1131/उ0प्र0सं0नि0-5(27)/2016-17 दिनांक 22 मार्च, 2017 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद कन्नौज में बाल संग्रहालय की स्थापना हेतु कार्यदायी संस्था यू0पी0 प्रोजेक्टस कारपोरेशन लि0 द्वारा गठित आगणन धनराशि रू0 903.04 लाख का परिक्षण प्रायोजना रचना एवं मुल्यांकन प्रभाग द्वारा करते हुये कार्य की लागत रू0 803.68 लाख मूल्यांकित की गई है वर्तमान वित्तीय 2016-17 में प्रश्नगत कार्य हेतु रू0 803.68 लाख की प्रशासकीय एवं प्रथम चरण में शासनादेश संख्या-124/2016/551/चार-216-38(बजट)/2015, दिनांक 12 जुलाई, 2016 द्वारा रू0 250.00 लाख की वित्तीय स्वीक़ति निर्गत की गयी। उक्त के क्रम में जनपद कनौज बाल संग्रहालय की स्थापना हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0 340.00 लाख (रूपये तीन करोड चालीस लाख मात्र) में से अवशेष धनराशि रूपये 90.00 लाख (रूपये नब्बे लाख मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीक़ति श्री राज्यपाल महोदय द्वारा सहर्ष प्रदान की जाती है।

2- शासनादेश संख्या-124/2016/551/चार-2016-38(बजट)/2015, दिनांक 12 जुलाई 2016 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3- उपर्युक्त स्वीक़ति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या- 92 के अन्तर्गतअयोजनागत मद के लेखा शीर्षक-4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्क़ति पर पूंजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्क़ति-800-अन्य व्यय -13-जनपद कनौज में विज्ञान एवं बाल संग्रहालय की स्थापना-24-व़हत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागो को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

संख्या - 49 / 2017 / 467 (1)/चार-2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
3- प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 प्रोजेक्टस कारपोरेशन लि0 लखनऊ
4- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- महा प्रबन्धक, जोन-7 उ0प्र0 प्रोजेक्टस कारपोरेशन लि0 लखनऊ ।
5- परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र प्रोजेक्टस कारपोरेशन लि0 कनौज।
6- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
7- निजी सचिव, मा0 संस्कृति मंत्री ।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in